सार-समाचार

अभियान के तहत यात्रा निकाली

छबड़ा (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसे एसडीएम द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं व अधिकारी, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। यात्रा में 13 से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में उत्सव का माहौल बने और प्रदेश वासियों में गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए 13 से 15 अगस्त तक अभियान आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर षनिवार को राजकीय महाविद्यालय से शुरू हुई यात्रा को एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो खेल मैदान में पहुंचकर सम्पन्न हुई। यहां एसडीएम गुर्जर ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित किए जाने, अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार अभिशेक पारीक, प्रधान हरिओम नागर, पालिकाध्यक्ष केसी जैन, कार्यवाहक ईओ संदीप गहलोत, बीसीएमओ डॉ. महेश भूटानी, सीबीईओ ओमप्रकाश गालव, पंचायत समिति से राजेंद्र मीणा, पार्शद विपिन शर्मा, निरंजन शर्मा भोला, गौरव सेन, मोरसिंह गुर्जर सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

धरणीधर जन्मोत्सव को लेकर बैठक

छबड़ा (निसं)। श्री धरणीधर भगवान के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर शनिवार को नागर (धाकड़) धर्मशाला में सेवा समिति अध्यक्ष रामेश्वर नागर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकालने पर निर्णय लिया गया। मीडिया प्रभारी कल्पित नागर (दिलोद) ने बताया कि बैठक में इस आयोजन के लिए महिला एवं पुरुष के अलग-अलग ड्रेस कोड पर सुझाव दिए और कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं को निःशुल्क कलश देने का निर्णय लिया। शोभायात्रा में हाथी, ऊंट, घोडे, बग्गी व झांकियां षामिल होगी। तैयारी के लिए आगामी बैठक मंगलवार को आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर प्रधान हरिओम नागर, रामप्रसाद मूंडला, भगवानसिंह मेहता, गोविंद मालव, जगदीश कोटडी, मनोज, रामस्वरूप चांवलखेड़ी, ओमप्रकाश मालव, चेतन मालव, श्याम धाकड़ मोहनलाल नागर, अनिल निपानियां, भगवान खेजड़ा, प्रदीप नागर, बृजेश खोपर, मुकेश, रूपनारायण, कपिल कोटडी, द्वारकालाल, जगमोहन भुआखेड़ी आदि मौजूद रहे।

बिंदराड़ी प्राथमिक स्कूल एवं जर्जर हुआ

छबड़ा (निसं)। क्षेत्र के बिंदराड़ी गांव में स्थित प्राथमिक स्कूल भवन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त एवं जर्जर हो गया हैं। ग्राम वासियों ने जब तक भवन की मरम्मत नही हो जाती तब तक बच्चो को विद्यालय नही भेजने का निर्णय लिया हैं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि तीन दिवस में कोई कार्रवाई नही की गई तो ग्राम वासियो द्वारा विद्यालय पर तालाबंदी की जाएगी। बिंदराड़ी गांव के राकेष, सूरजमल, कन्हैया, रामचंद्र, जगदीष, गिर्राज, बिठ्ठल, मदनलाल, हरिराम, देवकिषन आदि ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि बिंदराडी स्थित प्राथमिक स्कूल भवन जर्जर हो चुका हैं। दीवारो में जगह-जगह लम्बी-लम्बी दीवारे आ गई हैं। छत में भी आरसीसी के तार दिखने लगे हैं। स्कूल के एक भाग में पट्टियों की छत हैं, जिनकी पट्टियां टूटी हुई हैं जो कभी-भी गिर सकती हैं। जिससे बच्चो के साथ अनहोनी की संभावना बनी हुई हैं। ग्रामीणो ने एसडीएम से स्कूल का भौतिक अवलोकन करवाने एवं नए भवन का निर्माण करवाए जाने की मांग की हैं। ग्रामीणो ने जब तक परिस्थितियो में सुधार नही हो जाता तब तक अपने बच्चो को स्कूल में नहीं भेजने का निर्णय लिया गया।

भारतीय किसान संघ की बैठक सम्पन्न

छीपाबड़ौद (निसं)। छीपाबड़ौद भारतीय किसान संघ छीपाबडौद की बैठक शनिवार को त्रिवेणी धाम समेल पर संपन्न हुई। तहसील अध्यक्ष ओम आचोलिया ने बताया कि बैठक में बाकी चल रही सदस्यता की डायरियो व ग्राम समितियां के प्रपत्रो को एकत्रित कर , वन विहार के कार्यक्रम को 31 अगस्त को कदंब वाले बालाजी गोरधनपुरा पर सुनिश्चित किया गया। बैठक में आमंत्रित सदस्य रामनाथ मालव, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश ढोलम मंत्री रामस्वरूप मालव नेमीचंद मालव मूलचंद मालव कैलाश मालव रमेश सुमन भीमराज चौधरी अशोक नागर रवि प्रकाश नागर बनेसिंह हरनावदी प्रहलाद नागर टीकम मालव दीगोद घनश्याम मीणा अरविंद माथोडिया रामप्रसाद नागर सहित ओर भी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

व्याख्यानमाला आयोजित

बून्दी (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय स्वाभिमान जागरण सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में डॉ. आशुतोष बिरला की अध्यक्षता में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। 9 अगस्त से 14 अगस्त तक चलने वाले राष्ट्रीय स्वाभिमान जागरण सप्ताह कार्यक्रम के दौरान हिन्दी विभाग के डॉ. बीरम देव ने अपने व्याख्यान में गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों बटुकेश्वर दत्त, उधम सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि के देश की आजादी में दिए गए बलिदान से छात्राओं को अवगत कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान गोदिका ने आभार जताया।

तिरंगा रैली निकाल शपथ ली

छीपाबड़ौद (निसं)। छीपाबड़ौद के स्टेडियम में प्रशासन की ओर से तिरंगा रैली के बाद शपथ ली गई। यहां सभी प्रमुख विद्यालय के छात्र-छात्राओ ने स्कूल से स्टेडियम तक तिरंगा रैली निकाली।ईस दौरान तहसीलदार राजवीर यादव,विधायक अनुज महाराजसिह सिंघवी, प्रधान नरेश मीना, विकास अधिकारी सूर्यप्रकाश जोटवाल,थानेदार कल्याणसिंह, एसीबीओ भगवतकिशोर नामदेव, पंचायत समिति सदस्य बनवारीलाल,पूर्व सरपंच गजेंद्र जेन, पीयूष जेन, ग्राविअ दुर्गाप्रसाद गौत्तम,पशु चिकित्सा के रामप्रसाद नागर ,पूर्व सरपंच टीकमचंद, रामबिलास कालाटोल,समेत सभी सरकारी विभागों के कर्मचारी भी मोजूद रहे।

मालगाड़ी की चपेट से युवक की मौत

छबड़ा (निसं)। मोतीपुरा रेलवे स्टेशन के निकट टॉवर के पास एक युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा मृतक की षिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं। बापचा थानाधिकारी बुद्धराम जाट ने बताया कि मोतीपुरा रेलवे स्टेशन के निकट रूठियाई की तरफ से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से शाम 4-5 बजे के मध्य एक युवक की मृत्यु हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने षव को अपने कब्जे में लेकर षिनाख्ती के प्रयास प्रारंभ कर दिए हैं। षिनाख्ती होने के उपरांत ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

वैष्णव सम्मानित होंगे

छबड़ा (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर नई दिल्ली स्थित कृष्णन मेनन भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा, समाजसेवा, सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृश्ठ कार्य करने पर स्थानीय टैगोर पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र वैष्णव को नेपाल के प्रथम उपराश्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानंद झा द्वारा षिक्षक गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 22 देशों के राष्ट्रीय ध्वजों का सान्निध्य रहेगा।

बच्चों, किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई

रामगंजमंडी (निसं)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर शनिवार को स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों, मदरसों, चिकित्सा संस्थानों पर 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों, किशोर-किशोरियों को पेट के कृमि संक्रमण से छुटकारा दिलाने वाली एल्बेंडाजोल दवा की खुराक निःशुल्क दी गई। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने दीगोद में बच्चों को दवा खिलाई। विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने अभियान की मॉनिटरिंग की। सीएमएचओ डॉ सोनी ने बताया कि दवा लेने से छूटे पंजीकृत बच्चों को 17 अगस्त को मॉपअप राउंड में दवा खिलाई जाएगी।

मंत्री के निर्देश के बाद अवैध रूप से बनी आठ दुकानें सीज

छबड़ा (निसं)। मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी द्वारा धरनावदा रोड पर छात्रावास के लिए प्रस्तावित भूमि पर अवैध रूप से निर्मित की गई आठ दुकानों को स्वायत्त शासन मंत्री के निर्देश के बाद शुक्रवार को सीज कर दिया गया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उपजिला कलैक्टर, पुलिस उपाधीक्षक, तहसीलदार की मौजूदगी में बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा।

कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी संदीप गहलोत ने बताया कि मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी द्वारा धरनावदा रोड पर अवैध रूप से मुस्लिम मुसाफिर खाने में मुख्य रोड पर व्यवसायिक दुकानो का निर्माण कर रखा हैं। विधायक

■ एएसपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस लवाजमा तैनात रहा

पुलिस व प्रशासन ने स्वायत्त शासन मंत्री के निर्देश के बाद धरनावदा रोड पर अवैध रूप से बनी दुकानों को सीज किया।

प्रतापसिंह सिंघवी द्वारा विधानसभा में पालिका भूमि पर अवैध निर्माण का मामला उठाया जाने के बाद यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा के निर्देशो की पालना में शुक्रवार शाम 5 बजे मुसाफिर खाने में बनी आठ दुकानो को सीज कर दिया गया हैं। मंत्री खर्रा द्वारा 6 अगस्त को विधानसभा में दुकानों को सीज करने के निर्देश दिए थे। जिसकी पालना में शुक्रवार को पालिका द्वारा दुकाने सीज कर यहां बोर्ड लगा दिया गया हैं। स्वायत्त शासन विभाग से मिलने वाले निर्देशानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एएसपी राजेश चौधरी, एसडीएम रामसिंह गुर्जर, डीएसपी जेपी अटल, तहसीलदार अभिषेक पारीक, सीआई राजेश खटाना आधा दर्जन पुलिस थानाधिकारी व बडी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

ज्ञातव्य है कि स्वायत्त शासन विभाग द्वारा छबड़ा मे अवैध रूप से पालिका भूमि पर कब्जा कर छात्रावास की आड़ में बनाई गई दुकानों की व्यवसायिक गतिविधियों को सीज किए जाने की यह कार्रवाई संभवतया: राज्य की पहली कार्रवाई हैं। सोसायटी अध्यक्ष शकील अहमद ने स्वायत्त शासन मंत्रालय की इस कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओ द्वारा खर्चे वहन करने के लिए व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन किया जाता हैं। सरकार को इस पक्ष को भी ध्यान में रखना चाहिए। स्वायत्त शासन मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई में न्याय की मांग को लेकर उन्होने वाद न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया हैं।

अखंड भारत दिवस पर तिरंगा वाहन रैली को लेकर बैठक

अंता (निसं)। बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद द्वारा अखंड भारत दिवस 14 अगस्त को निकाली जाने वाली विशाल तिरंगा वाहन रैली के आयोजन को लेकर शनिवार को चमन रिसोर्ट में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें आयोजन को लेकर योजना को अंतिम रूप दिया गया।

यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद अंता के मंत्री सत्यनारायण सुईवाल तथा बजरंग दल प्रखंड मंत्री नरेश मालव ने देते हुए बताया कि बैठक में बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के अंता नगर और प्रखंड के दायित्व वान कार्य कर्ताओ ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस तिरंगा वाहन रैली को सफल बनाने केलिए आयोजन के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं के प्रभारी नियुक्त किए गए। बैठक में राम-लखन वैष्णव अंता प्रखंड अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद , छीतरलाल कुमावत अध्यक्ष अंता नगर विश्व हिन्दू परिषद ने कार्य कर्ताओ से हर गांव और हर मोहल्ले में हर घर तिरंगा वाहन रैली के लिए संपर्क किया जाना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से मंच व्यवस्था भारत माता पूजन हेतु शैलेष गालव प्रखंड उपाध्यक्ष , अशोक खंगार एवं भरत नामा को प्रभारी बनाया गया है। प्रसाद वितरण एवं डी जे माईक प्रमुख

शिवराज कुमावत, अशोक खंगार, भरत नामा को बनाया गया है। अतिथि आगमन व सत्कार सत्यनारायण सुईवाल, जल व्यवस्था प्रमुख शंकर सिंह सिसोदिया व लोकेश, अतिथि परिचय चंद्र सिंह गौड़ मंच संचालन प्रमुख नंदकिशोर नायक एडवोकेट एवं पार्षद,को बनाया गया है। बैठक में तिरंगा वाहन रैली कृषि उपज मंडी समिति परिसर से दोपहर एक बजे बाद प्रस्थान करेगी। रैली का मार्ग कृषि विज्ञान केन्द्र से अजीतपुरा बालाजी सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम से कोटा बारां रोड से पीडब्ल्यूडी तिराहे से अस्पताल रोड पंचायत समिति, शिवाजी चौक से होते हुए क्वासपुरा नया पुरा होकर वापस कृषि उपज मंडी समिति परिसर में समापन होगा।

प्रसाद वितरण किया जाएगा। विशाल तिरंगा वाहन रैली से पूर्व सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें संगठन के पदाधिकारियों का मार्ग दर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम स्थल पर काउंटर लगा कर तिरंगा वितरण सशुल्क तीस रुपए प्रति नग से उपलब्ध कराने तथा कूपन डायरी संग्रहण के लिए सुजल लक्की खंडेलवाल सतीश खंडेलवाल तथा गोविंद गालव को प्रमुख बनाया गया है। तिरंगा वाहन रैली मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से चूना की लाइनिंग तथा यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नगरपालिका अंता चेयरमैन रामेश्वर खंडेलवाल तथा उपखंड अधिकारी अंता एवं पुलिस उपाधीक्षक अंता से विशेष रूप से सहयोग करने की अपील की गई है। बैठक में आम जन से अखंड भारत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की है।

लहरिया महोत्सव धूमधाम से मनाया

बून्दी (निसं)। गौतम समाज महिला मण्डल द्वारा लहरिया महोत्सव बड़ी ही धूमधाम गौतम छात्रावास में मनाया गया इस दौरान समाज की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कार्यक्रम में शामिल हुई और बढचढ़कर प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मीडिया प्रभारी श्वेता शर्मा ने बताया की महोत्सव की निर्णायक कल्पना शर्मा व अनुपमा शर्मा रही, वही लहरिया क्वीन का खिताब विमला शर्मा को मिला। इस दौरान संयोजक अनीता शर्मा व उमा शर्मा ने सभी को तिलक लगा कर स्वागत व अभिनन्दन किया व जिलाध्यक्ष ममता शर्मा का मण्डल की ओर से लहरिया ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष नीलिमा शर्मा व शशि शर्मा ने निर्णायकों को लहरिया ओढ़ाकर सम्मानित किया व कार्यकरिणी ने मण्डल में नए सदस्यों का स्वागत माला पहना कर किया।

इनरव्हील क्लब ने रामगंज बालाजी स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बूंदी से शनिवार को नशा मुक्ति आंदोलन का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई। नशा मुक्ति जागयकता कार्यक्रम के दौरान क्लब अध्यक्ष डॉ पूर्णिमा दीक्षित ने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए सभी विद्यार्थियों को नशा न करने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई। इस मौके पर क्लब की ओर से कक्षा 12वीं और 10वीं में पढ़ने वाली जरूरतमंद चार छात्राओं की बोर्ड फीस भी जमा करवाई गई। वहीं राष्ट्रीय कर्मी मुक्ति दिवस पर क्लब की ओर से दवा भी उपलब्ध कराकर सहयोग प्रदान किया। प्रधानाचार्य मीनाक्षी कुमारी ने आभार जताया। इस दौरान आशा माथुर, सिद्धार्थ माथुर सहित विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाएं व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

नौनिहालों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई

झालावाड़ (निसं)। राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के अवसर पर बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाने का जिला स्तरीय कार्यक्रम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगलपुरा झालावाड़ में जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। इसके उपरान्त अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। उपस्थित बालिकाओं ने जिला कलक्टर एवं मंचासिन अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत गाया तथा हर घर तिरंगा थीम को साकार करते हुये तिरंगा झण्डा लहराया। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग ट्यूटर ललित गुर्जर द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस शुभारंभ कार्यक्रम में अध्यक्षता कार्यवाहक जिला अध्यक्ष संजय जैन ताउ, विशिष्ठ अतिथि पूर्व उपजिला प्रमुख भागचन्द दांगी, संजय शुक्ला सभापति नगरपरिषद, मण्डल अध्यक्ष झालावाड़ चन्द्रमोहन दाभाई, अकलेरा मनिषा मीणा, युवामोर्चा से केशव शर्मा, गौरव सेन, मुकेश लालवानी, रोहित सुमन, चिकित्सा विभाग से जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार नागर, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक प्रभु लोधा, जिला कार्यक्रम समन्वयक धनवन्तरी प्रजापति, पीएचएम रामबाबू लोधा, अनार सिंह एवं चिकित्सा विभाग की टीम व शिक्षा विभाग से मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हेमराज पारेता, प्रधानाचार्य श्रीमति मिथलेश कंवर राठौड़, संजीव श्रीवास्तव, महेश चन्द सोनी, जोधराज गोचर व अन्य शिक्षकों द्वारा सहयोग प्रदान किया। जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि बच्चों, किशोर-किशोरियों को कृमि नाशक दवा दी जा रही है। पेट में कीड़े (कृमि) से निजात दिलाने वाली यह दवा प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, मदरसों और आंगनबाडी केन्द्रों पर निःशुल्क दी जा रही है।

जिला कलेक्टर एक पेड मॉ के नाम अभियान को राज्य में प्रथम लाने के लिये हर व्यक्ति को एक पेड लगाने का आहवान करते हुये उसे संरक्षित करने की अपील की। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान के तहत इस सप्ताह हर घर में तिरंगा लगाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चियों से शरीरिक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का ध्यान सरखते हुये मन लगाकर पढाई करने हेतु प्रेरित किया।

'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित हो रही विभिन्न गतिविधियां

झालावाड़ (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले में "हर घर तिरंगा" अभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों में झण्डा फहराया जाएगा एवं इस अभियान के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

"हर घर तिरंगा" अभियान के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा ने बताया कि उक्त अभियान के तहत जिले में जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, मनरेगा कार्यस्थलों, नगरीय निकाय क्षेत्रों सहित अन्य स्थानों पर तिरंगे की थीम पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने बताया कि 11 अगस्त को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कार, बाइक, साईकिल तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रेक्टरों के माध्यम से तिरंगा वाहन रैली निकाली जाएगी। इसी दिन नशा मुक्ति अभियान का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं 12 अगस्त को राजकीय विद्यालयों में तिरंगा कैनवास (चित्रकला) प्रतियोगिता, तिरंगा हस्ताक्षर अभियान, तिरंगा प्रतिज्ञा, नशा मुक्ति अभियान, तिरंगा रैली तथा तिरंगा सैल्फी जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन प्रातः 7 बजे राजकीय विजयाराजे सिंधिया खेल संकुल से मिनी सचिवालय तक तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा।

झालावाड़ में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले में 'हर घर तिरंगा' रैली निकाली।

उक्त अभियान के तहत 13 अगस्त को शिला फलकम पर ध्वजारोहण तथा तिरंगा ट्रिब्यूट कार्यक्रम नगर परिषद् झालावाड़, समस्त नगर पालिकाओं सहित प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। वहीं 14 अगस्त को तिरंगा कॉन्सर्ट व तिरंगा मेलों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें तिरंगे की थीम पर सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के साथ फूड स्टॉल, तिरंगा स्टॉल, सैल्फी प्वॉइंट व दुकानें लगाई जाएंगी।

'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत शनिवार को जिले के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति का परिचय देते हुए उक्त अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रतिज्ञा लेते हुए तिरंगा झण्डा फहराया गया। उक्त अभियान के तहत जिले के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाते हुए तथा ढोल-बाजों के साथ रैली में चल रहे थे। तिरंगा रैली से जिले के प्रत्येक गांव व ढाणी में राष्ट्रप्रेम व देशभक्ति का माहौल बन गया।

सार-समाचार

जागरूकता रैली निकाली

अंता (निसं)। देश की आजादी की वर्षगांठ 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के आव्हान पर हर घर तिरंगा लगाने के लिए आम जन नागरिकों को जागरूक करने के लिए अंता नगर में शनिवार को विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर घर तिरंगा जागरूकता रैली का आयोजन उपखंड प्रशासन अंता द्वारा किया गया। इस रैली का शुभारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम से अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में डी जे पर देशभक्ति गीत के तराने की आवाज मुख्य आकर्षण रहा। रैली में वैसे प्रशासन द्वारा सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों से इस रैली में पहुंचने का आमंत्रण दिया गया था किंतु शनिवार का राजकीय अवकाश होने के कारण इस रैली में अपेक्षित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित नहीं रहे। रैली में मुख्य रूप से तहसील दार अंता सुरेन्द्र सिंह गुर्जर रामेश्वर खंडेलवाल चेयरमैन नगर पालिका अंता रामराज बागड़ी व पुष्पेन्द्र सिंह टाकरा पार्षद राम कल्याण वर्मा प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गिरिराज दाधीच पीटीआई, सुरभि खंडेलवाल , घनश्याम मीणा सहायक उप निरीक्षक अंता राजेश सिंह हेड कांस्टेबल सहित सरकारी स्कूलों के छात्र छात्राओं अध्यापक, स्काउट गाइड आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका तथा महिला बाल विकास परियोजना पशुपालन विभाग आदि के चुनिंदा कर्मचारियों ने भाग लिया।

स्कूल स्टॉफ ने ही टीनशैड लगवाया

रामगंजमंडी (निसं)। राउप्रावि दुर्जनपुरा के अध्यापकों ने अपने खर्च पर स्कूल में लगभग 55 हजार के टीनशैड का निर्माण करवाया है।वरिष्ठ प्रबोधक अंजनी कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में सभी कक्षों व बरामदे में बरसात से पानी आ जाता है और बच्चों को प्रार्थना उत्सव मिड-डे-मील इत्यादि के समय सामूहिक बिठाने में बहुत परेशानी हो रही थी तो स्टॉफ से स्वैच्छिक सहयोग मांगकर 56 गुणा 14 फीट के चबूतरे पर टीनशैड करवा दिया है।स्टॉफ में से अर्चिता गुप्ता हेमलता शर्मा रजिया मुकेश राठौर मुरली मनोहर मीणा विशाल पहाड़िया ने 5-5 हजार व दिनेश नागर ने 10 हजार तथा अंजनी कुमार शर्मा ने 15 हजार का सहयोग किया। इससे पहले भी स्थानीय विद्यालय में 1.2 लाख मरम्मत कार्य व 1.3 लाख का विशाल कृतज्ञता समारोह इसी सत्र में आयोजित किया जा चुका है।वृक्षारोपण में भी विद्यालय ने अपने निर्धारित लक्ष्य से बढ़कर लगभग 950 पौधे लगाए हैं। विद्यालय के पुराने कमरों तथा शौचालयों के समुचित जीर्णोद्धार हेतु न्यूनतम 5 लाख रुपए की आवश्यकता है।जो सरकार से अपेक्षित है।

जन्म एवं तप कल्याणक मनाया

बून्दी (निसं)। जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ स्वामी का जन्म एवं तप कल्याणक शनिवार को जैन समाज की ओर से धूमधाम से मनाया गया। यहां शहर के नागदी बाजार स्थित नेमिनाथ भगवान में संगीतमय मंडल विधान का आयोजन हुआ। महिला पुरुषों ने मंडल जी के समक्ष पूजा अर्चना की। कार्यक्रम की शुरुआत श्री जी के अभिषेक व शांति धारा के साथ हुई। इसके बाद पुण्यांशी व देवेंद्र कुमार ने संगीतमय विधान कराया। महिला पुरुषों ने मंडल जी के समक्ष सामूहिक अर्घ्य चढ़ाया। भजनों पर सभी ने नृत्य किया। इससे पूर्व रात को भक्तामर का पाठ व 48 दीपको से आरती की गई। इस दौरान नागदी बाजार नेमिनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष राजेश पाटनी, संतोष पाटनी, जिनेश पाटनी, पारस पाटनी, दिलीप बाकलीवाल, छुट्टन बाकलीवाल, महावीर जैन, दिनेश पाटनी सहित महिला पुरुष मौजूद रहे।

अखण्ड कीर्तन का समापन

बून्दी (निसं)। तिलक चौक स्थित श्री भवानी शंकर महादेव के 72 घंटे चला शंभू ओंकारा का अखंड कीर्तन का समापन शुक्रवार देर रात हुआ। श्री वीरभद्र रामलीला कीर्तन मंडल के कार्यक्रम संयोजक पुरुषोत्तम पारीक व महामंत्री सुरेंद्र सिंह ने बताया कि श्रावण मास में प्रतिवर्ष शंभू ओमकारा अविनाशी गंगाधर कैलाशी का अखंड कीर्तन होता आ रहा है। परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी 72 घंटे का अखंड कीर्तन किया गया। इस मौके पर श्री भवानी शंकर महादेव को पंचामृत से स्नान करवा कर पुष्प मालाओं से श्रृंगार किया। पंडित सीताराम शर्मा द्वारा रुद्राभिषेक किया तथा कीर्तन मंडल के सदस्यों एवं जनता जनार्दन की भागीदारी से 72 घंटे का अखंड कीर्तन शुक्रवार देर रात्रि को महाआरती के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं को मेवा मिष्ठान का प्रसाद वितरित किया गया।

दिनेश विजयवर्गीय सम्मानित होंगे

बून्दी (निसं)। बून्दी के साहित्यकार दिनेश विजयवर्गीय को बाल वाटिका मासिक पत्रिका द्वारा 5 व 6 अक्टूबर को गुलाबपुरा भीलवाड़ा में आयोजित पत्रिका के 25वें राष्ट्रीय बाल साहित्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय बाल पत्रिका, बाल वाटिका के संपादक डॉ. भैरूलाल गर्ग ने बताया कि विजयवर्गीय को उनके बाल साहित्य सृजनात्मकता के लिए छगननाथ न्यास स्मृति बाल साहित्य सम्मान हेतु 5100 रुपए का चेक, स्मृति चिन्ह, शॉल व श्रीफल भेंट किया जाएगा। डॉ. गर्ग ने बताया कि इस संगोष्ठी में 15 राज्यों के बाल लेखक भाग लेंगे। राष्ट्रीय संगोष्ठी में 21वीं सदी का हिंदी बाल साहित्य विषय पर तीन चर्चा सत्र होंगे तथा बाल साहित्य से जुड़ी अन्य गतिविधियां आयेजित होंगी।

गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांचा

रामगंजमंडी (निसं)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्त्व अभियान शनिवार को 82 चिकित्सा संस्थानों में आयोजित हुआ।सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की गई। बीपी, शुगर, वजन, ऊंचाई, खून-पेशाब संबंधी विभिन्न चिकित्सकीय जांचे निशुल्क कर परामर्श दिया गया। हाई रिस्क की पहचान कर चिन्हित किया गया। गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। टिकक्करण किया गया।अभियान हर महीने 9, 18 और 27 तारीख को आयोजित किया जाता है।